हरिभूमि
# कोरिया भूमि

बिलासपुर, मंगलवार 15 अप्रैल 2025

बैकुंठपुर | मनेन्द्रगढ़ | चिरमिरी | खड़गवां | भरतपुर-सोनहत | जनकपुर

तापमान

अधिकतम 33 डिग्री

न्यूनतम 21 डिग्री

2 मकानों का मलबा बना समूह की महिलाओं की कमाई का जरिया, बना रही पेबर ब्लॉक



बवासीर का आधुनिक इलाज
अत्याधुनिक लेजर मशीन द्वारा
भर्ती की आवश्यकता नहीं
मरीज सुबह आकर शाम को घर जा सकता है
स्व. डॉ. सत्यप्रकाश गुप्ता मेमोरियल हॉस्पिटल लायंस चौक, चाम्पा
गुप्ता हॉस्पिटल
डॉ. शुभम् गुप्ता
गुदा रोग विशेषज्ञ
संपर्क करें
7400009183

### अपर आयुक्त बसंल ने जिले में किया निरीक्षण, कोरिया में आवा पानी झोंकी अभियान की तारीफ की

# पीएम आवास सर्वे में कोई भी पात्र परिवार छूटे नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

महात्मा गांधी नरेगा के आयुक्त एवं प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के संचालक रजत बंसल के निर्देश पर कोरिया में सोमवार को अपर आयुक्त मनरेगा अशोक कुमार चौबे ने टीम के साथ भ्रमण किया।

इस दौरान उन्होंने टीम के साथ विभागीय योजनाओं की प्रगति का आंकलन किया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के कार्यपालन अभियंता शिवकुमार सिन्हा और महात्मा गांधी नरेगा राज्य कार्यालय से तकनीकी सहायक गोपाल हिरवानी भी उनके साथ निरीक्षण भ्रमण में शामिल रहे। अपर आयुक्त श्री चौबे ने अपनी टीम के साथ सबसे पहले जनपद पंचायत बैकुंठपुर के ग्राम पंचायत रटगा का भ्रमण किया। ⏭ शेष पेज 4 पर



### अपर आयुक्त पहुंचे नागपुर लाई

स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के अंतर्गत महात्मा गांधी नरेगा योजना से समन्वित होकर चल रहे स्वच्छता प्रयासों का निरीक्षण मनरेगा के अपर आयुक्त अशोक चौबे के द्वारा किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने ग्राम पंचायत सेमरा अंतर्गत नागपुर थाना क्षेत्र में मनरेगा अभिसरण से निर्मित सामुदायिक शौचालय का अवलोकन किया। इसके साथ ही उन्होंने ग्राम पंचायत लाई में निर्मित सेग्रीगेशन शेड का जायजा लिया, जहां स्वच्छाग्राही समूह द्वारा किए जा रहे डोर टू डोर अपशिष्ट संग्रहण और पृथक्करण कार्य की सराहना की।



### आवा पानी झोंकी अभियान कारगर पहल

जिला प्रशासन कोरिया द्वारा जिले में चलाए जा रहे जल संरक्षण अभियान आवा पानी झोंकी के तहत ग्राम पंचायत पोटेडांड़ में बनाए जा रहे कंटूर ट्रेंच को लेकर अपर आयुक्त श्री चौबे और कार्यपालन अभियंता श्री सिन्हा ने बेहद प्रसंशा की। उन्होंने इस पहल को और भी जगहों पर क्रियान्वित करने के निर्देश दिए। वहीं अपर आयुक्त मनरेगा ने सोनहत जनपद पंचायत मुख्यालय में नर्सरी तालाब जो अब अमृत सरोवर बन गया है,उसका अवलोकन किया। यहां ग्राम पंचायत से लीज पर लेकर मछली पालन करने वाले समूह के सदस्य शिवप्रसाद से आत्मीय संवाद किया।

# हरि गौशाला को पुनः प्रारंभ करने बैठक

**बैकुंठपुर।** एमसीबी जिले के ग्राम घनपुर स्थित श्री हरि गौशाला को पुनः सक्रिय और सशक्त रूप से प्रारंभ करने के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई।

प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री सहित चिरमिरी ननि के महापौर रामनरेश राय, सभापति संतोष सिंह, संघ संचालक कोरिया, विभाग संघ संचालक, सह विभाग संघ संचालक, पूर्व जिला अध्यक्ष, पूर्व जनपद अध्यक्ष समेत कई अतिथि शामिल हुए। बैठक में बताया गया कि श्री हरि गौशाला की नींव वर्ष 2016-17 में रखी गई थी, लेकिन कुछ अपरिहार्य कारणों से इसका पूर्ण विकास नहीं हो सका। अब गौशाला समिति ने सामूहिक भागीदारी और जन सहयोग के माध्यम से कुछ महीनों में इसे पुनः प्रारंभ करने का निर्णय लिया है। गौशाला समिति ने स्पष्ट किया कि श्री हरि गौशाला को किसी आय अर्जन के उद्देश्य से नहीं, बल्कि निराश्रित और दुर्बल गायों की सेवा तथा पुण्य लाभ के भाव से संचालित किया जाएगा। गोबर और गौमूत्र से बनने वाले लगभग 300 उत्पादों के निर्माण द्वारा गौशाला को स्वावलंबी बनाने की दिशा में भी कार्य किया जाएगा।



■ स्वास्थ्य मंत्री, महापौर समेत कई हुए शामिल

### जैविक खेती का प्रशिक्षण केन्द्र बनेगा गौशाला

बैठक में यह भी प्रस्तावित किया गया कि गौशाला को किसानों के लिए जैविक खेती का प्रशिक्षण केन्द्र भी बनाया जाएगा, जहां उन्हें प्राकृतिक कृषि के फायदों की जानकारी दी जाएगी। उपस्थित अतिथियों ने इस पुनीत कार्य में हरसंभव सहयोग देने का आश्वासन दिया।

## खबर संक्षेप

### मेडिकल कैंप में 650 मरीजों का हेल्थ चेकअप



**डोमनहिल।** चिरमिरी के हल्दीबाड़ी स्थित एनसीपीएच क्लब में रविवार को अल रजा केयर फाउंडेशन द्वारा निःशुल्क मेगा मेडिकल कैंप का आयोजन किया गया। सुबह 10 से शाम 4 बजे तक चले इस शिविर में 650 से अधिक मरीजों ने स्वास्थ्य जांच एवं उपचार की सेवाएं लीं। इस आयोजन को सफल बनाने में चिरमिरी की अंजुमन कमेटियों का सराहनीय सहयोग रहा। कैंप में छग के अनुभवी चिकित्सकों की टीम उपस्थित रही, इसमें हृदय रोग, हड्डी रोग, स्त्री रोग, शिशु रोग व मेडिसिन विशेषज्ञ शामिल रहे। इसके साथ ही 3 एमबीबीएस डॉक्टर एवं 3 फिजियोथेरेपिस्ट ने भी सेवाएं दीं। कैंप में 65 मरीजों की बीडीएम जांच, 50-50 मरीजों की पीएफटी और ईसीजी जांच अत्याधुनिक मशीनों द्वारा की गई। मरीजों को मुफ्त दवाइयों का भी वितरण किया गया। सुबह से ही शिविर में लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी और क्षेत्रवासियों ने इस पहल की सराहना की।

### छात्रावास में लगा योग शिविर

**नगर।** ग्राम पंचायत नगर के पहाड़पारा स्थित आदिवासी कन्या छात्रावास में आयुष विभाग द्वारा योग शिविर लगाकर छात्रावास में निवासरत छात्राओं को योग ट्रेनर राजेन्द्र राजवाड़े व उनके सहायक द्वारा शारीरिक एवं मानसिक रूप से विकसित बनाने के उद्देश्य से योग के कई आसनों की जानकारी दी गई एवं नियम व समय कब कौन सा आशन करना सही रहेगा इस बात की जानकारी दी, साथ ही हर दिन नियमित रूप से योग करने की सलाह दी गई। इससे छात्राओं को निश्चित रूप से काफी लाभ मिलेगा। इस दौरान छात्रावास प्रभारी तारा निकुंज, सैनिक कृष्ण कुमार, महिमा बैक सहित छात्रावास के सभी कर्मचारी उपस्थित रहे।



### गर्मी का दिखने लगा असर..



**बैकुण्ठपुर।** गर्मी से राहत पाने की कोशिश इंसान ही नहीं बल्कि जानवर भी करते हैं। कुछ इसी तरह का नजारा वार्ड क्रं. एक हर्रापारा में दोपहर के समय देखने को मिला, जब एक श्वान पानी से भरे नाद में बैठकर गर्मी से राहत पाने की कोशिश में दिखा।

### घर से बाइक की चोरी सीसीटीवी में घटना कैद

**लखनपुर।** क्षेत्र में चोरी की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही है। एक बार फिर से चोरों ने एक चिकित्सक के घर से केटीएम बाइक की चोरी की है। चिकित्सक के घर से चोरी का सीसीटीवी फुटेज अब वायरल हो रहा है। बताया जा रहा है कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में पदस्थ चिकित्सक डॉ. हीरेन्द्र पैकरा ने अपनी केटीएम बाइक क्रमांक सीजी 10 एएस 2983 को 9 अप्रैल की शाम 6 बजे घर के बाहर मुख्य गेट के अंदर खड़ा किया था। 10 अप्रैल की सुबह जब चिकित्सक बाहर निकले तो उनकी बाइक मौके पर नहीं थी। अज्ञात चोर घर के मेन गेट का ताला तोड़ने के बाद बाइक की चोरी कर फरार हो गए। चिकित्सक ने मामले की शिकायत पुलिस से की है।

# पाइप लाइन बिछी पर नहीं हो रही जल आपूर्ति

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोमनहिल

नगर पालिक निगम चिरमिरी के वार्ड क्रमांक 34 के पार्षद राहुल भाई पटेल ने एमसीबी कलेक्टर डी. राहुल वेंकट को पत्र लिखकर नगर निगम और पीएचई विभाग के संयुक्त प्रयास से बनाए गए पाइपलाइन से जल आपूर्ति शुरू करने की मांग की है।

उन्होंने कहा कि गर्मी में जनता बूंद-बूंद पानी को तरस रही है, जबकि करोड़ों की लागत से बिछाई गई पाइपलाइन वर्षों से बिना उपयोग के पड़ी है। पार्षद श्री पटेल ने पत्र में उल्लेख किया कि देवी अहिल्या बाई वार्ड क्रमांक 34 में करीब 70 लाख रूपए की लागत से और पूरे चिरमिरी में लगभग 4.50 करोड़ रूपए की लागत से पाइपलाइन का कार्य दो वर्ष पूर्व पूरा हो चुका है। उन्होंने बताया कि सोनामनी काली मंदिर के पास पीएचई की ओवरहेड टंकी से कोड़ाकू बस्ती होते हुए आमानाला भट्टी दफाई तक पाइपलाइन डाली गई है, इसके अलावा गोदरीपारा चर्च क्षेत्र, वार्ड 33, 32, 30 व 31 में भी पाइपलाइन का कार्य निगम द्वारा पूर्ण कर लिया गया है।



■ पार्षद राहुल ने कलेक्टर को लिखा पत्र

पार्षद ने कहा कि बड़ी विडंबना है कि पानी की टंकी होने और पाइपलाइन बिछ जाने के बावजूद अब तक जल आपूर्ति शुरू नहीं की गई है। उन्होंने कलेक्टर से आग्रह किया कि गर्मी के इस विकट समय में आमजन को राहत पहुंचाने के लिए तत्काल जल आपूर्ति शुरू कराई जाए।

# एसईसीएल बैकुंठपुर क्षेत्र में ग्रामीणों का अनिश्चितकालीन प्रदर्शन जारी



विरोध प्रदर्शन के चलते ठप रहा परिवहन।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

एसईसीएल के बैकुंठपुर क्षेत्र में ग्रामीणों ने अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू कर दी है। सोरग, टेमरी और खोड़ गांवों के ग्रामीणों ने सड़क पर प्रदर्शन कर अपनी मांगें रखीं।

उनका कहना है कि उन्होंने कोयला परियोजना के लिए अपनी जमीन दी, लेकिन अब तक न तो उन्हें उचित मुआवजा मिला है और न ही नौकरी मिली है। ग्रामीणों का कहना है कि प्रशासन और कंपनी द्वारा आश्वासन देने के बाद भी उनकी मांगें पूरी नहीं की गई हैं। ग्रामीणों के विरोध के चलते झिलमिली पण्डोपारा से कोयला उत्खनन का काम ठप हो गया है। प्रदर्शनकारियों ने स्पष्ट किया है कि जब तक उन्हें मुआवजा और नौकरी नहीं दी जाती, वे आंदोलन समाप्त नहीं करेंगे।

■ मुआवजा और नौकरी की कर रहे मांग

प्रशासन और कंपनी के बीच जल्द बातचीत की उम्मीद है, ताकि क्षेत्र में शांति बहाल की जा सके और कोयला उत्पादन और परिवहन पुनः शुरू हो सके। देर शाम विधायक बैकुंठपुर भईयालाल राजवाड़े और प्रशासनिक व एसईसीएल के अधिकारी मौके पर पहुंचे हुए हैं।

### मंदिर में दर्शन करने गई महिला से चेन स्नेचिंग

**सीतापुर।** हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर पूजा अर्चना करने मंदिर गई महिला के गले से अज्ञात लुटेरों ने मंगलसूत्र पार कर दिया। मंदिर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़भाड़ के दौरान लुटेरों ने इस घटना को अंजाम दिया। महिला ने घटना की शिकायत पुलिस से की है। प्राप्त जानकारी अनुसार कॉलेज रोड़ सीतापुर निवासी रोशनी गुप्ता पति आशीष गुप्ता हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर सपरिवार दर्शन हेतु लमगांव स्थित हनुमान मंदिर हेतु गई हुई थी। हनुमान जन्मोत्सव मनाने दूर दराज क्षेत्र से आये भक्तों की भारी भीड़ जमा थी। इसी भीड़भाड़ का फायदा उठाते हुए मौके पर मौजूद लुटेरों ने दर्शन करने गए महिला के गले से मंगलसूत्र पार कर दिया। पीड़ित महिला के बताए अनुसार लुटेरों ने भीड़भाड़ का फायदा उठा वहां से कइ लोगो का सोने का चेन एवं मंगलसूत्र पार कर दिया। महिला को जब अपने गले से मंगलसूत्र पार होने की भनक लगी तब उसके होश उड़ गए। उसने इस घटना के बारे में साथ गए परिजन को जानकारी दी। परिजन ने भीड़भाड़ वाली जगह पर मंगलसूत्र तलाशने की काफी कोशिश इसके बाद महिला ने मामले की शिकायत पुलिस से की है। पुलिस रघुनाथपुर चौकी पुलिस द्वारा अपराध दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

### विभिन्न रुपों का हो रहा संजीव चित्रण

# श्रीमद् भागवत कथा में झूम रहे श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

शहर के कोरिया पैलेस के समीप जूनापारा मोहल्ले में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा में कथावाचन के दौरान झाकियों के माध्यम से पंडित कमल नारायण शास्त्री द्वारा किया जा रहा है।

सागर (म.प्र.) के विद्वान कथावाचक पंडित कमल नारायण शास्त्री के वाचन कला से प्रभावित श्रद्धालूगण प्रतिदिन भक्ति रस में डूब कर गोते लगाते रहे। भागवत कथा के दौरान श्रीकृष्णजन्मोत्सव आर्षकण ढ़ग से प्रस्तुत किया गया। इस दौरान अभिषेक और निधि ने नंदबाबा और माता देवकी की सजीव प्रस्तुत की। सिर पर टोकनी में शिशु भगवान कृष्ण को आकर्षक ढ़ग से सजाकर रखा गया, जिसे नंद बाबा ने मंच तक इस प्रकार प्रस्तुत किया, जैसे कोई बड़ी नदी पार कर किया हो, इसके बाद उपस्थित महिलाओं और पुरूषों ने पुष्प वर्षा कर भागवत कथा संगीत समिति प्रस्तुत भजन पर नृत्य कर खुशी का प्रदर्शन किया। पंडित कमल नारायण शास्त्री द्वारा गोवर्धन की पूजा की कथा के माध्यम से सजीव चित्रण करते हुए बताया गया कि किस प्रकार इंद्र देवता के प्रकोप से मधुरावासियों को बचाने के लिए भगवान श्रीकृष्ण ने अपनी छोटी उंगली पर गोवर्धन पर्वत को उठा लिया था, जिसके नीचे गांव के सभी निवासी पर्वत के नीचे आकर इंद्र देवता के प्रकोप से अपने आप को बचाया था।





श्रीमद्भागवत कथा तथा सप्ताह के छटवें दिन कथा वाचक पंडित कमल नारायण ने विभिन्न उपकथाओं के माध्यम से श्रीकृष्ण और रूकमणी के बारे में विस्तारपूर्वक बताया। इस विवाह को जीवंत बनाने के लिए आयोजन समिति के महिलाओं द्वारा विशेष झांकी बनाई गई थी। इसमें श्यामवर्ण श्रीकृष्ण का विनय मोनिका और ⏭ शेष पेज 4 पर



## खबर संक्षेप

### नपं क्षेत्र में सुशासन तिहार के तहत आए 211 आवेदन

**लखनपुर।** नगर पंचायत में शासन के निर्देश पर सुशासन तिहार का आयोजन किया गया। इस दौरान पहले चरण में 8 से 11 अप्रैल तक शिकायती और मांग संबंधित आवेदन लिए गए। विकासखंड क्षेत्र में बड़ी संख्या में लोगों द्वारा अपनी मांग और समस्याओं से संबंधित आवेदन दिए गए। समस्याओं का समाधान शासन स्तर पर जल्द ही किया जाएगा। शासन के निर्देश पर प्रदेश के नगरीय निकायों के साथ सभी ग्राम पंचायत मुख्यालय एवं जिला कार्यालय में भी सुशासन तिहार प्रारंभ कर समाधान पेटी स्थापित की गई है। नगर पंचायत लखनपुर क्षेत्र अंतर्गत समस्याओं की निराकरण हेतु आवेदन देने का सिलसिला शुरू हो गया है। जिसमें मुख्य रूप से प्रधानमंत्री आवास, जमीन संबंधी ,पानी, बिजली, कार्ड, मूलभूत सुविधाओं के संबंध में 211 आवेदन प्राप्त हुए। 8 अप्रैल से 11 अप्रैल तक पहले चरण में आवेदन लिए गए सुशासन तिहार नगर पंचायत लखनपुर कार्यालय में समाधान पेटी रखकर आवेदन लिया गया है।

### मनाया गया स्वामी रामदेव का सन्यास दीक्षा महोत्सव



**अम्बिकापुर।** जीवन ज्योति हॉस्पिटल, महिला पतंजलि योग समिति एवं मातृशक्ति गौ सेवा के संयुक्त तत्वाधान में महाराजा अग्रसेन सेवा सदन में स्वामी रामदेव का सन्यास दीक्षा दिवस महोत्सव मनाया गया कार्यक्रम में जीवन ज्योति हॉस्पिटल की संचालिका श्रीमती संध्या एवं महिला पतंजलि योग की समिति की जिलाध्यक्ष ममता अग्रवाल ने महापौर मंजूषा भगत को उपहार देकर महोत्सव में 200 से अधिक मरीजों के परिजन को भोजन कराया गया। योग शिक्षिका ममता अग्रवाल ने योग, प्राणायाम, खानपान, घरेलू उपचार, जड़ी-बूटी के बारे में जानकारी दी।

### खाटू श्याम बाबा के दरबार एवं भव्य कीर्तन में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़



**रामानुजगंज।** नगर के ऐतिहासिक गांधी मैदान में श्री खाटू श्याम बाबा का भव्य दरबार एवं भव्य कीर्तन का आयोजन किया गया। नगर में पहली बार श्री श्याम संकीर्तन महोत्सव के दो दिवसीय आयोजन की भव्यता देखते बन रही थी। श्याम भक्तों का भी उत्साह दोनों दिनों तक चरम पर था। भक्तिमय आयोजन में कृषि मंत्री रामविचार नेताम भी सम्मिलित होकर श्री खाटू श्याम बाबा के भव्य दरबार में शीश झुकाया। शुक्रवार की शाम श्री खाटू श्याम बाबा का भव्य दरबार सजाया गया।भव्य कीर्तन का आयोजन किया गया जिसमें देश के जाने-माने भजन गायकों द्वारा एक से बढ़कर एक प्रस्तुति ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। श्याम बाबा का भव्य श्रृंगार किया गया जिसके बाद 56 भोग लगाकर ज्योत जलाए गया। हजारों लोगों के द्वारा ज्योत लिया गया। नगर के ऐतिहासिक गांधी मैदान को नगर में पहली बार धार्मिक आयोजन को लेकर भव्य रूप से सजाया गया था। गांधी मैदान में उमड़ी भक्तों की भीड़ के मध्यनजर भंडारा की व्यवस्था लरंगसाय कम्युनिटी हाल में की गई थी।

### एसईसीएल खदानों से लगातार हो रही कोयले की चोरी



**बिश्रामपुर।** एसईसीएल बिश्रामपुर के रेहर,गायत्री व आमगांव खदानों से कोयला चोरी का काला कारोबार थम नहीं रहा है। सोशल मीडिया में वीडियो वायरल होने व अखबारों में खबर प्रकाशित होने पश्चात कोतवाली पुलिस ने दो दिन पूर्व गायत्री खदान के चाहर दिवारी के पास से कोयला चोरों की कुल 14 बाइक जप्त की थी।उसके बाद घटना के दूसरे दिन रविवार की प्रातः त्रिपुरा बटालियन के जवानों ने 9 कोयला चोरों को खदान के कोल स्टॉक में जबरन प्रवेश कर कोयला चोरी करते रंगे हाथों पकड़ कोतवाली पुलिस को सौंपा है। इस मामले में क्या कुछ कार्यवाही की गई है यह देर शाम तक स्पष्ट नहीं हो सका है। गौरतलब है कि अभी ईंट भट्ठे के सीजन में रेहर,गायत्री,आमगांव खदान से कोयला चोरी के काम में करीब दो सौ बाईक लगी हुई है बताया गया कि पूर्व में खदानों से कोयला चोरी करने लोग पैदल अथवा सायकल से खदान पहुंचते थे।लेकिन अब कोयला से कमाई बढ़ जाने से कोयला चोरों ने भी खुद को अपडेट कर लिया है। अब चोर महंगी बाईक से कोयला चोरी करने पहुंच रहे हैं।इस कारोबार से जुड़े युवकों ने बताया कि ईंट भट्ठा के सीजन में ही उनका कारोबार बड़े पैमाने में चलता है, बारिश गिरने व ईंट भट्ठे बंद होते ही खरीदी बंद हो जाती है।इस कार्य में खदान क्षेत्र के आस पास दर्जनों गांव के करीब ढाई सौ युवकों के शामिल होने की जानकारी है।

### उपयोग नहीं होने के कारण लंबे समय से बंद थी यूनिट

# मकानों का मलबा बना समूह की महिलाओं की कमाई का जरिया, बना रही पेबर ब्लॉक



डिपो परिसर में स्थापित डी एण्ड एफ यूनिट।



निर्माण के लिए समूह द्वारा किया गया कचरे का पृथकीकरण।

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

नगर निगम ने पक्के मकानों के मलबों को समूह की महिलाओं के लिए कमाई का जरिया बना दिया है। ननि की इस पहल से समूह की महिलाएं अब पक्के मकानों के मलबे से नालियों का ढक्कन व प्लेबर ब्लॉक का निर्माण कर रही है। समूह द्वारा निर्मित प्लेबर ब्लॉक को ननि खरीदकर विकास कार्यों में उपयोग करेगा।

**खास बात**

- आयुक्त की पहल से चालू हुई इकाई

स्वच्छता सर्वेक्षण में राष्ट्रीय स्तर पर मुकाम हासिल करने वाले ननि ने कचरा प्रबंधन के लिए अनेक महत्वपूर्ण योजनाएं संचालित कर रहा है। योजना अंतर्गत घर-घर से कचरा संग्रह करने के साथ ही उपयोगी वस्तुओं को अलग कर उसे रोजगार का साधन बनाया गया है। सूखे कचरे की सामग्रियों को अलग कर समूह की महिलाएं एसएलआरएम सेंटर के माध्यम से अच्छी कमाई कर रही है। गीले कचरे का उपयोग वर्मी कम्पोस्ट के लिए किया जा रहा है। स्वच्छता के लिए बड़ी चुनौती बने प्लास्टिक कचरे से समूह की महिलाएं प्लास्टिक दोना बनाकर मोटी कमाई कर रही है। पक्के मकानों के मलबे को कमाई का जरिया बनाने के लिए ननि ने राज्य परिवहन निगम के खाली पड़े डीपों परिसर में दो साल पूर्व सी एण्ड डी कंस्ट्रक्शन एवं डिमोलेशन मशीन लगाई थी। नगर निगम नए निर्माण के लिए तोड़े गए पक्के मकानों के मलबे का प्रबंधन सीएण्डडी मशीन के माध्यम से करता था। मलबे के बड़े-बड़े टुकड़ों को तोड़कर गिट्टी, लोहा, लकड़ी, आदि को अलग कर समूह की महिलाएं सामग्री का उपयोग निर्माण सामग्री के रूप में करती थीं। समूह की महिलाएं निर्माण सामग्री से ननि के लिए नाली का ढक्कन तैयार करती थी। बीच में मलबा उपलब्ध नहीं होने एवं निर्मित सामग्री की मांग कम होने के कारण समूह की महिलाओं ने काम करना बंद कर दिया था। सीएण्ड एम डी यूनिट की बिजली भी कट गई थी। एक महीने पूर्व आयुक्त ने समूह की महिलाओं को सक्षम बनाने की पहल की है आयुक्त की पहल पर सीएण्ड डी यूनिट फिर से महिलाओं की कमाई का जरिया बन गया। अब समूह की महिलाएं पक्के मकान के अवशेषों का प्रबंधन कर सामग्री से प्लेबर ब्लॉक बना रही है। समूह द्वारा निर्मित प्लेबर ब्लॉक का उपयोग नगर निगम विकास कार्यों में करेगा।

#### ऐसे होता है कचरे का उपयोग

नए निर्माण के लिए लोग पुराने मकानों को तोड़ते हैं तथा मलबे को सड़क किनारे जमा कर देते हैं। मलबे से आवागमन में समस्या होती है तथा नालियां जाम हो जाती है। पूर्व में इस मलबे को डंपिंग यार्ड में फेंक दिया जाता था लेकिन सीएण्ड डी मशीन लगने के बाद पक्के मकानों के मलबे को डीपों परिसर में जमा किया जाता है। यहां समूह की महिलाएं बड़े-बड़े टुकड़ों को तोड़कर ईंट, गिट्टी सहित अन्य सामग्रियों को अलग कर मलबे के टुकड़ों को मशीन में डाल देती हैं। सभी निर्माण सामग्रियों को चूरा बना देती है। गिट्टी-लोहा-लकड़ी अलग करने के बाद महिलाएं मलबे में सीमेंट मिलकर पेबर ब्लॉक तैयार कर रही है।

#### ननि को पड़ती है जरूरत

ननि विकास कार्यों के लिए समय-समय पर पेबर ब्लॉक की खरीदी करता है। अब निगम अपनी आवश्यकता के अनुसार समूह द्वारा कचरे से निर्मित पेबर ब्लॉक की खरीदी करेगा। इस पहल से कचरे का निष्पादन होने के साथ ही इसे उपयोगी एवं महिलाओं के कमाई का जरिया बनाया गया है। समूह की महिलाएं इस तरह के मलबे से ननि के लिए अन्य उपयोगी निर्माण सामग्री बनाने पर भी विचार कर रही है।

#### की जाएगी खरीदी

बंद बड़ी सीएण्ड डी यूनिट को चालू कर समूह को सौंप दिया गया है। यूनिट को चालू करने नए सिरे से थ्री फेस विद्युत कनेक्शन लगाने के साथ महिलाओं को तकनीकी प्रशिक्षण प्रदान किया गया है। समूह की महिलाएं उत्साहपूर्वक पेबर ब्लॉक निर्माण कर रही है। समूह द्वारा निर्मित पेबर ब्लॉक की खरीदी विकास कार्यों के लिए की जाएगी।

-डीएन कश्यप
आयुक्त ननि

### डॉ. अंबेडकर की जयंती के पूर्व प्रतिमा की सफाई कर किया दीपदान

**बिश्रामपुर।** भाजपा प्रदेश संगठन के निर्देश पर रविवार को भाजपा मंडल शिवनंदनपुर व बिश्रामपुर द्वारा संयुक्त रूप से अंबेडकर चौक पर बाबा साहेब के प्रतिमा की सफाई कर दीपदान किया गया। गौरतलब है कि बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर जयंती के अवसर पर भाजपा प्रदेश संगठन के निर्देशानुसार डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती की पूर्व संध्या पर बिश्रामपुर व शिवनंदनपुर भाजपा मंडल द्वारा संयुक्त रूप से नगर के राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 43 पर स्थित अंबेडकर जी के प्रतिमा की साफ सफाई कार्यकर्ताओं द्वारा किया गया। इसके पश्चात दीपदान किया गया। कार्यक्रम में शिवनंदनपुर मंडल के प्रभारी व नपं बिश्रामपुर उपाध्यक्ष दीपेंद्र सिंह चौहान, मंडल अध्यक्ष हरीश राजवाड़े व कैलाश सिरदार, ललित गोयल, नपं शिवनंदनपुर संचालन समिति अध्यक्ष कृष्ण कुमार गोयल बल्लू, श्यामू साहू, विजयराज अग्रवाल, देवधन राम बिंझिया, अशोक गुप्ता,राजेश यादव, संजीत सिंह, दीना यादव, शीतीकांत स्वाई बाबू, रितेश जायसवाल, विनोद शाह, अनीता सिंह,श्यामू साहू, शिव राजवाड़े, सूरज सेठी, पार्षद रविशंकर बउवा, विनोद शर्मा, विवेक जायसवाल व अन्य उपस्थित थे।



### वन भूमि को खेत बना रहे जेसीबी को वन अमले ने किया जब्त

**प्रतापपुर।** एसडीओ आशुतोष भगत व वन परिक्षेत्र अधिकारी पीसी मिश्रा ने बताया कि वन परिक्षेत्र के धर्मपुर जंगल में लंबे समय से जंगल के भीतर अवैध रूप से कब्जा करने के होड़ में शिकायत प्राप्त मिल रही थी। दलबल के साथ में वन विभाग के द्वारा छापा मार कार्रवाई करते हुए कक्ष क्रमांक पी 11 कोटरा नामक स्थान पर जेसीबी मशीन से खेत बनाया जा रहा था। वन भूमि पर कब्जा करने की होड़ में कई एकड़ में लगे हुए छोटे पेड़ पौधों को मशीन से नुकसान पहुंचाते हुए खेत और मेढ़ बनाने के लिए भूमि पर फसल लगाने हेतु कार्य किया जा रहा था। जिसकी शिकायत पर वन विभाग की टीम ने जेसीबी मशीन एवं ड्राइवर के साथ भूमि पर कब्जा करते हुए रंगे हाथ पकड़ लिया है। वाहन मालिक का नाम अभिनय कुमार आ.सुरेंद्र प्रसाद (27 वर्ष) जानी पनीका सलाका थाना भैयाथान का जेसीबी बताया जा रहा है। चालक पिंटू आ. इसराइल (26 वर्ष) सकीं सलका का निवासी को हिरासत में लिया गया है तथा जेसीबी वाहन को जब्त कर लिया है। एसडीओ वन विभाग आशुतोष भगत ने बताया कि उक्त मामले की कार्रवाई की गई है। अवैध रूप से वन भूमि पर कब्जा करने की होड़ से छोटे वनों को रौंदा गया है। और कई हेक्टेयर भूमि को कब्जा करने के हार से खेत बनाई जा रही थी जिस कारण से जेसीबी मशीन को राज साज की कार्रवाई करने हेतु अनुशंसा की गई है।

## सरहुल पर्व के अवसर पर मूली पहड़ा समाज द्वारा निकाली गई शोभा यात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर



आदिवासी समाज द्वारा शनिवार को सरहुल पर्व धूमधाम से मनाया गया। मूली पहड़ा समाज द्वारा आयोजित कार्यक्रम के दौरान नगर में भव्य शोभा यात्रा निकाली गई।

बता दें कि प्रकृति महापर्व सरहुल, कठोरी, ख़द्दी कृषि सत्र के प्रारंभ से पूर्व प्रकृति की पूजा का पर्व है। इस पर्व में धरती और सूर्य का विवाह किया जाता है और उनसे विनती की जाती है की आने वाले समय में अच्छी बारिश और अच्छा मौसम हो जिससे धरती और सूर्य के बच्चे अर्थात धरती पर जितने भी जीव-जंतु, वनस्पतियां, पेड़-पौधे सभी कुछ स्वस्थ हो और अन्न का उत्पादन बहुत अच्छा हो। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में यूपी सोनभद्र से बबलू धांगर, विशिष्ट अतिथि के रूप में बीडीसी श्रीमती शोभा भगत, सर्व आदिवासी समाज के अध्यक्ष डॉ. अमृत सिंह मरावी, अनूप टेकाम, अशोक सिंह मरावी शामिल हुए। इस दौरान मंगल उरांव बेल/ अध्यक्ष मूली पड़हा अंबिकापुर के अध्यक्षता में विशाल शोभा यात्रा निकाली गई जो घड़ी चौक से शुरू होकर संगम चौक, महामाया चौक, गुरु नानक चौक, जोड़ा पीपल, आकाशवाणी चौक, गांधी चौक से होते हुए वापस कला केंद्र मैदान में संपन्न हुई। शोभा यात्रा के बाद विशाल सभा का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के पूजा समिति के अध्यक्ष रामनाथ भगत, सचिव अनिल मिंज, उपसचिव कृष्णा कुजुर, कोषाध्यक्ष कृष्णा राम भगत, उरांव समाज के पारंपरिक सामाजिक, धार्मिक, सांस्कृतिक, न्यायिक स्वशासन व्यवस्था-पड़हा देवान उमेश कुमार भगत, युवा प्रभाग के अध्यक्ष राजेश एक्का, उपाध्यक्ष सुरेंद्र तिर्की, सचिव नवीन कुमार भगत, सहसचिव जीत भगत, कोषाध्यक्ष निरेंद्र केरकेट्टा, गुंजा भगत, मूली डाड़ा एवं अतखा पड़हा पदाधिकारी भारतेंदु भगत, बनवीर, जगेश्वर भगत, अनिल मिंज, कृष्णा कुजूर, देवचरण भगत, श्रवण मिंज, अनिल लकड़ा, कुमार साय आदि मौजूद थे।

### गाज से जले खम्हरिया सब स्टेशन में लगा नया पावर ट्रांसफार्मर

**अम्बिकापुर।** विक्षोभ के प्रभाव से शनिवार को अंधड़ एवं गरज-चमक के साथ हुई बेमौसम बारिश के दौरान गाज की चपेट में आने से विकासखण्ड उदयपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत खम्हरिया विद्युत उपकेंद्र का पावर ट्रांसफार्मर जल गया। गाज से पावर ट्रांसफार्मर के खराब होने से बड़े इलाके में विद्युत आपूर्ति ठप हो गई। सूचना पर अधिकारियों ने प्रभावित गांवों में उदयपुर विद्युत सब स्टेशन से आपूर्ति प्रारम्भ की। गर्मी के मौसम में विद्युत मांग को देखते हुए अधिकारियों ने रविवार को खराब पावर ट्रांसफार्मर को हटाकर नया ट्रांसफार्मर लगाया। कार्यपालन यंत्री रोशन नागवंशी ने बताया कि रविवार को शाम 4 बजे विद्युत सब स्टेशन में नया ट्रांसफार्मर लगा दिया गया है। ट्रांसफार्मर को चार्ज करने के बाद पूर्ववत आपूर्ति सुचारू कर दी जाएगी।

### भंडारे में हजारों लोगों ने किया प्रसाद ग्रहण

## हवन और महा आरती के साथ मारुतीनंदन ज्ञान यज्ञ व राम कथा का समापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर



शहर के गांधीनगर स्थित गांधी चौक पर स्थित श्री मारुती नंदन हनुमान मंदिर में श्री हनुमंत सेवा समिति द्वारा 6 अप्रैल से आयोजित हनुमान जन्मोत्सव समारोह रविवार को यज्ञ पूजन, हवन और पूर्णाहूति के साथ संपन्न हुआ। पूर्णाहुति के बाद भगवान श्रीराम और रामभक्त हनुमान की भव्य महाआरती की गई। इसके साथ ही शाम को महाविशाल भोग भंडारे का आयोजन किया गया। सामूहिक भंडारे के बाद एक सप्ताह से चल रहे श्री मारुतिनंदन ज्ञान यज्ञ और श्री रामकथा का भी देर रात समापन हुआ।

हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर श्रीधाम वृंदावन से पावन श्री रामकथा वाचन करने पधारे कथावाचक पंडित प्रह्लाद महाराज ने कथा के अंतिम दिन कथा के साथ सुमधुर रामभजनो से श्रद्धालु जन को भाव विभोर कर दिया। राम भवन में लीन होकर भक्त जमकर झूमे। 7 दिन चले रामकथा का प्रतिदिन सैकड़ों की संख्या में भक्तजनों ने आनंद लिया। इस दौरान श्री हनुमान मन्दिर में विशाल उत्सव का भक्तिमय वातावरण बना रहा। प्रतिदिन भोग भंडारे होते रहे और लोग भक्ति रस में सराबोर रहे। श्रीराम कथा के अन्तिम दिन कथावाचक पंडित प्रह्लाद जी महाराज ने सुख, मंगल और यश प्राप्ति के लिए जीवन में धैर्य, संयम और संतुष्टि के साथ जीवन जीने का आह्वान किया। उन्होंने कहा अनर्गल विषय, तृष्णा और विचारों को सदा नजरअंदाज करना चाहिए, इससे मानव का जीवन और कुटुम्ब सदैव खुशहाल होगा, सन्तति सदैव प्रगतिशील और मंजिल प्राप्त करेगी, अंतर्मन शुद्ध और सात्विक बनेगा।

हनुमान जन्मोत्सव के दिन सुबह मंदिर में विराजे हनुमान जी का विधिवत पूजन और अभिषेक किया गया। यज्ञाचार्यों ने अनवरत राम नाम जप किया। लगभग सवा क्विंटल हवन सामग्री की आहुति दी गयी। सैकड़ों लोगों ने हवन में भाग लिया। शाम 5 बजे से देर रात तक महाविशाल भंडारे का आयोजन किया गया। समिति की ओर से कथा समापन उपरांत पूज्य कथावाचक और उनकी टीम के सदस्यों को व्यास मंच पर पगड़ी पहनाकर सत्कार किया और आशीर्वाद प्राप्त किया। अंत में व्यास जी ने समिति के सभी सक्रिय सदस्यों को श्रीराम नाम अंकित अंगवस्त्र पहनाकर सम्मानित किया।



## गणेशपुर के पोल्ट्री फार्म में मृत मुर्गियों को फेंका खुले खेत में

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

ग्राम गणेशपुर में स्थित एक पोल्ट्री फार्म संचालक द्वारा मरे हुए मुर्गियों को खुले आसमान के नीचे एक ग्रामीण के खेत में फेंक दिए जाने एवं फैलती बदबू से ग्रामीणों को बेवजह परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।शिकायत के बाद विभागीय अधिकारी द्वारा गैर जिम्मेदाराना बयान देने एवं अपनी जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ लेने से ग्रामीणों में नाराजगी व्याप्त है।

- गांव में बर्ड फ्लू फैलने की आशंका से ग्रामीणों के मन में डर का माहौल
- फैलती बदबू व डर से खेत के नजदीक नहीं जा रहे ग्रामीण

बर्ड फ्लू जैसी गंभीर के प्रकोप को लेकर जहां एक तरफ शासन स्तर पर कई तरह के दावे किए जाते हैं, लेकिन मैदानी स्तर पर स्थिति कुछ और ही बयां करती नजर आ रही है।गौरतलब है कि सुरजपुर ब्लाक अंतर्गत ग्राम गणेशपुर निवासी श्याम हलदार द्वारा रिहायशी इलाके में ही एक पोल्ट्री फार्म का संचालन लंबे समय से किया जा रहा है।इसी बीच शनिवार को पोल्ट्री फार्म के दर्जन भर मुर्गी की अचानक मौत हो जाने से पोल्ट्री फार्म संचालक द्वारा मृत मुर्गियों को गांव के ही एक व्यक्ति के खेत में खुले आसमान के नीचे फेंक दिया गया है।ऐसे में कुछ समय पश्चात मृत मुर्गियों से आने वाली दुर्गंध से आसपास के रहवासियों को बेवजह परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। हालांकि पिछले दिनों पड़ोसी जिले कोरिया में वर्ड फ्लू बीमारी के प्रकोप फैलने को लेकर प्रशासन द्वारा सतर्कता बरत स्थिति को काबू करने का कार्य किया गया है।साथ ही सुरजपुर जिला प्रशासन द्वारा भी तत्काल वर्ड फ्लू के प्रकोप को लेकर जिले भर में सतर्कता बरतने के निर्देश जारी किए गए हैं, लेकिन मैदानी स्तर पर विभागीय कर्मचारियों के लापरवाही से प्रशासन की मंशा केवल कागजों में ही पूर्ण रूप से सफल होती नजर आ रही हैं।गौरतलब है कि बर्ड फ्लू के संक्रमण का सबसे ज्यादा खतरा उन क्षेत्र के लोगों को है,जो पोल्ट्री फार्म या किसी पक्षी विहार में काम करते हैं।इसके अलावा उन सभी लोगों को खतरा है, जो संक्रमित व्यक्ति के आसपास हैं या उसकी देखभाल कर रहे हैं।

इस विषय पर सिलफिली पशु चिकित्सा विभाग के डॉ. सुधीर कुमार जायसवाल ने बताया कि मुझे किसी ग्रामीण ने फोन पर मामले की जानकारी दी थी।मैंने ग्रामीण को कहा था कि यह हमारा कार्य नहीं है और संबंधित सरपंच को सूचना देकर मृत मुर्गियों को दफन करा दिए जाने का सुझाव दिया गया है। रविवार के दिन अवकाश होने की वजह से उच्च अधिकारियों को मामले की सूचना अभी नहीं दे पाया हूं।

### अवैध रेत परिवहन कर रहे दो वाहनों को प्रशासन की टीम ने किया जब्त

**बिश्रामपुर।** अवैध रूप से रेत उत्खनन व परिवहन का कार्य अब भी जारी है।सूरजपुर कलेक्टर एस जयवर्धन के निर्देश पर आज रविवार को खनिज व राजस्व विभाग की संयुक्त टीम द्वारा अवैध रेत खदानों में छापामारी कार्यवाही करते हुए दो वाहनों को जब्त किया है।गौरतलब है कि इन दिनों क्षेत्र के राजापुर, हर्राटिकरा, कांसापारा, कुरवां, सोहागपुर समेत कई स्थानों की नदियों से अवैध रूप से रेत उत्खनन व परिवहन कार्य बदस्तूर जारी है।विभागीय अधिकारियों की उदासीनता की वजह से शासन को कई लाख रुपए के राजस्व का नुकसान उठाना पड़ रहा है। इसी तारतम्य में रविवार को सूरजपुर कलेक्टर के निर्देश पर खनिज व राजस्व विभाग सुरजपुर की संयुक्त टीम द्वारा ग्राम राजापुर में आकस्मिक छापामारी कार्यवाही की गई।यहां पर 2 वाहन को जब्त कर पुलिस थाना जयनगर की अभिरक्षा में सुरक्षार्थ रखा गया है।इसके पूर्व 8 अप्रैल को भी खनिज अमले द्वारा ग्राम राजापुर, खड़गवांकला, कल्याणपुर क्षेत्रों में खनिज रेत, ईंट, गिट्टी के 4 अन्य वाहनों को भी जब्त कर अवैध खनिज परिवहन का प्रकरण दर्ज गया था। इन सभी अवैध परिवहनकर्ताओं पर खनिज नियमों के अंतर्गत कार्यवाही की गई है।





## कलेक्टर ने ग्राम ओडगी बिहारपुर का किया भ्रमण

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

कलेक्टर एस जयवर्धन ने आज ओडगी और बिहारपुर क्षेत्र का दौरा किया। उन्होंने ग्रामीणों से सीधा संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं और शिकायतों को गंभीरता से सुना।

कलेक्टर श्री जयवर्धन द्वारा तहसील बिहारपुर के थारपाथर बिहारपुर और अवन्तिकापुर के ग्रामीणों के बीच जाकर भी उनकी समस्याओं के बारे में चर्चा की और शिकायतों का त्वरित समाधान करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने सभी ग्रामवासियों से संवाद कर उनकी समस्याओं को समझा। उन्होंने सभी 3 पंचायतों बिहारपुर, ठाढ़पाथर और आवंतिकापुर के ग्रामीणों के 700 से ज्यादा आवेदनों की समीक्षा किए। बिहारपुर के चौका पारा में विशेष पिछड़ी जनजाति पंडो के समस्यायों को सुनने के लिए बाइक से उनके बीच पहुंच कर संवाद किए। इस दौरान कक्षा पहली के बालक राजन से अंग्रेजी विषय के बारे में पूछा मास्टर राजन के शब्दों का स्पेलिंग सही पाकर बालक को कलेक्टर द्वारा बधाई भी दी गई। दौरे के दौरान कलेक्टर ने विभिन्न विभागों से संबंधित प्राप्त शिकायतों की जानकारी अधिकारियों से ली और जिन समस्याओं का त्वरित निराकरण संभव था, उनके तत्काल समाधान के निर्देश दिए।

### गोखनई नदी हादसा, युकां जिलाध्यक्ष ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंप की कार्रवाई की मांग

**बिश्रामपुर।** कुदरगढ़ धाम दर्शन को जा रहे अंबिकापुर निवासी श्रद्धालु की गोखनई नदी में डूबने से हुई मौत के मामले में युवक कांग्रेस जिलाध्यक्ष एवं जिला पंचायत सदस्य नरेन्द्र यादव ने सूरजपुर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर दोषियों पर कार्रवाई की मांग की है। ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि बीते दिनों रोहित जायसवाल नामक युवक की गोखनई नदी में डूबने से मौत हो गई। हादसे के पीछे गोखनई नदी में हो रहे अवैध रेत उत्खनन को जिम्मेदार ठहराया गया है।




# 'किस किसको प्यार करूं 2' का नया पोस्टर' जारी

**मुंबई।** कॉमेडियन कपिल शर्मा इन दिनों अपनी आने वाली फिल्म 'किस किसको प्यार करूं 2' को लेकर चर्चा में हैं। हाल ही में उनकी नई फिल्म का नया पोस्टर जारी किया गया है। इसमें वह सिख दूल्हा बने हैं। अब तक फिल्म के कई पोस्टर जारी किए जा चुके हैं। इससे पहले ईद और राम नवमी के मौके पर फिल्म का पोस्टर रिलीज किया जा चुका है। 'किस किसको प्यार करूं 2' का नया पोस्टर बैसाखी के मौके पर रिलीज किया गया । नए पोस्टर में कपिल शर्मा एक सरदार बने हैं। उन्होंने हल्की गुलाबी रंग की शेरवानी और पगड़ी पहनी हुई है। उन्होंने गले में माला पहनी हुई है। कपिल के सामने उनकी होने वाली दुल्हन खड़ी है।

लाइफ Style



# गौहर
## बॉस लेडी की तरह किया रैंप वॉक

एजेंसी ▶▶ मुंबई

*अभिनेत्री गौहर खान ने 10 अप्रैल को ऐलान किया कि वह जैद दरबार के साथ अपने दूसरे बच्चे की उम्मीद कर रही हैं। रविवार को एक फैशन शो में गौहर खान ने रैंप वॉक करते हुए बेबी बंप फ्लॉन्ट किया है। वहां मौजूद लोगों ने उनके लिए तालियां बजाईं।*


गौहर खान के रैंप वाक का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वीडियो में देखा जा सकता है कि गौहर खान हरे रंग की फैशन साड़ी पहने हुए हैं। उन्होंने अपने लुक को मिनिमल ज्वैलरी से कंपलीट किया है। साथ ही उन्होंने हाई पेंसिल हील पहनी हुई है। गौहर खान रैंप वॉक में बॉस लेडी की तरह लहरा के चली हैं। वह जब अपनी ड्रेस दिखा रही थीं इस दौरान कई यूजर ने उन्हें मुबारकबाद दी। गौहर खान लॉकडाउन के दौरान जैद दरबार से मिलीं। इसके बाद दोनों में प्यार हुआ। दोनों ने 2020 में शादी कर ली। 2023 में उन्होंने अपने पहले बच्चे का स्वागत किया। बच्चे का नाम जेहान है। 10 अप्रैल को गौहर खान ने सोशल मीडिया पर अपनी प्रेग्नेंसी की खबर से सबको हैरान कर दिया था। उन्होंने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया था जिसमें वह जैद के साथ नाच रही थीं। इस दौरान वह अपना फोन नीचे रखकर पीछे की ओर खिसकती हुई कैमरे के सामने अपना बेबी बंप दिखाती नजर आईं। उन्होंने वीडियो के कैप्शन में लिखा 'बिस्मिल्लाह। आपके दुआ और प्यार की जरूरत है। अपने प्यार से दुनिया को नचाएं।' काम की बात करें तो गौहर फिलहाल रवि दुबे और सरगुन मेहता की 'लवली लोला' में ईशा मालवीय के साथ मुख्य भूमिका निभाती नजर आ रही हैं।

## हॉलीवुड मसाला



# वह जो करे, अपनी मर्जी से करे...

**लॉस एंजिल्स।** प्रियंका चोपड़ा अमेरिकन सिंगर निक जोनस से शादी करने के बाद हॉलीवुड में ही सेटल हो चुकी हैं। इनकी एक बेटी भी है। हाल ही में प्रियंका के पति निक जोनस ने एक शो में बताया कि वह अपनी बेटी के कॅरियर, फ्यूचर को लेकर क्या सोचते हैं? माता-पिता होने के नाते हम नहीं चाहते हैं कि मालती ऐसा वक्त देखे। यह हमारे लिए भी डरावनी बात होगी। हमारा काम अपने बच्चे को प्रोटैक्ट करना है। साथ ही हम यह भी चाहते हैं कि वह जो करे, अपनी मर्जी से करे।



# 'डेज़्ड एंड कनफ्यूज़्ड' से मिला था स्टारडम

**लॉस एंजिल्स।** 'डेज्ड एंड कनफ्यूज्ड' फिल्म के एक्टर निकी कैट का 54 साल की उम्र में निधन हो गया है। हॉलीवुड स्टार 2000 के दशक की फॉक्स ड्रामा 'बोस्टन पब्लिक' में हैरी सीनेट और 2003 की 'स्कूल ऑफ रॉक' में रेजर के किरदार के लिए फेमस थे। निकी कैट को बतौर चाइल्ड एक्टर 1980 में 'फैंटेसी आइलैंड' के एपिसोड में पहला रोल मिला। उसके बाद उन्होंने फिल्म 'अंडरग्राउंड एसेस', और 'चिप्स' और 'वी' के एपिसोड में काम किया। हालांकि, रिचर्ड लिंकलेटर की 1993 की क्लासिक फिल्म 'डेज़्ड एंड कनफ्यूज्ड' में उनकी असाधारण भूमिका ने उन्हें स्टारडम की राह पर ला खड़ा किया। फिल्म और टीवी से दूर उन्होंने वीडियो गेम 'स्टार वार्सः नाइट्स ऑफ द ओल्ड रिपब्लिक II - द सिथ लॉर्ड्स' में एटन रैंड की आवाज दी।



# स्टेज पर 'छम्मक छल्लो' पर किया डांस...

**मुंबई।** हाल ही में करीना कपूर खान का कराची की एक रेव पार्टी का एआई वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। वहीं. अब एक इवेंट से करीना की फिल्म का गाना 'छम्मक छल्लो' पर उनका डांस सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है, जिस पर प्रशंसक अपनी लागातर प्रतिक्रिया दे रहे हैं। शनिवार को करीना कपूर ने मुंबई के एक इवेंट में 'छम्मक छल्लो' गाने पर शानदार डांस किया। पारंपरिक कपड़ों में सजी करीना ने अपने हिट गाने के स्टेप्स दोहराए और दर्शकों को झूमने पर मजबूर कर दिया। उनका यह डांस वीडियो अब वायरल हो रहा है। करीना के इस वीडियो में पर उनके प्रशंसक लगातार कमेंट कर रहे हैं। एक फैन ने लिखा, 'क्वीन', एक और फैन ने लिखा, 'कोई भी बेबो जैसी अदाएं नहीं दिखा सकती'।



# 14 साल छोटी गर्लफ्रेंड के साथ आए नजर

**मुंबई।** आमिर खान इन दिनों अपनी नई गर्लफ्रेंड गौरी स्प्रैट को लेकर चर्चा में हैं। अपने जन्मदिन पर आमिर खान ने ऐलान किया था कि वह गौरी स्प्रैट के साथ रिश्ते में हैं। इसके बाद वह कई बार अपनी नई गर्लफ्रेंड के साथ कई जगहों पर स्पॉट किए गए हैं। हाल ही में गौरी स्प्रैट आमिर खान के साथ चीन में एक प्रोग्राम में नजर आईं। दोनों मकाऊ इंटरनेशनल कॉमेडी फेस्टिवल में हाथ में हाथ डाले नजर आए। इसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल है। इस पर यूजर रिएक्शन दे रहे हैं।वायरल वीडियो पर कई यूजर्स अपना रिएक्शन दे रहे हैं। एक यूजर ने आमिर और उनकी गर्लफ्रेंड की तस्वीर शेयर करते हुए लिखा है 'आमिर खान हमें आपसे प्यार है।' एक दूसरे यूजर ने लिखा है 'ये स्टार है इसलिए मैरिज-मैरिज खेलते हैं।'

## टीवी मसाला



# खतरों के खिलाड़ी 15 में होंगे एल्विश यादव

**नई दिल्ली।** कलर्स का रियलिटी शो खतरों के खिलाड़ी को लेकर खबर आई थी कि प्रोड्यूसर से शो से अपने हाथ पीछे खींच लिए हैं। इन खबरों के बीच एल्विश यादव ने अपने नए ब्लॉग कुछ ऐसा कहा है कि जिसके उनके फैंस को लग रहा है कि एल्विश यादव खतरों के खिलाड़ी 15 का हिस्सा होंगे। एल्विश ने कहा कि वो किसी नई जगह जा रहे हैं और एक महीने तक वहीं रहेंगे। एल्विश यादव की इस बात को लेकर फैंस को लग रहा है वो खतरों के खिलाड़ी के शूट पर जा रहे हैं। एल्विश यादव ने एक व्लॉग पोस्ट किया है। वो गाड़ी में बैठे नजर आ रहे हैं और कह रहे हैं, मैं सिर्फ आज के लिए यहां र हूं, फिर निकल जाउंगा दूसरी जगह, तीसरी जगह। इस बार कोई नई जगह है, एक महीने के लिए वहीं हूं। काफी अच्छा प्रोजेक्ट है तुम्हारे भाई का, तो मजा आनेवाला है। इसके बाद व्लॉग में एल्विश अपनी मां से बात करते नजर आते हैं। वो अपनी मां से कहते हैं, बाय बाय, एक डेढ़ महीने के लिए गए हम। डेढ़ महीने के लिएन प्रोजेक्ट आ रहा है अपना बहुत बढ़िया। तो आशीर्वाद दे मां। डेढ़ महीने के लिए बाहर हूं मैं घर के, डेढ़ महीने के बाद ही दिखूंगा, पूरा करके उसको।' एल्विश यादव की इन्हीं बातों को फैंस से लग रहा है कि एल्विश यादव खतरों के खिलाड़ी 15 का हिस्सा हो सकते हैं।

## पराग और प्रेम का सुधरेगा रिश्ता बाप-बेटे लगाएंगे एक-दूसरे को गले

**नई दिल्ली।** अनुपमा सीरियल में रविवार को प्रेम और पराग फिर एक बार साथ आ जाएंगे, लेकिन अब मुश्किल यह है कि प्रेम जहां अपनी मां ख्याति को कोठारी मेंशन में वापस चाहता है, तो वहीं आर्यन किसी भी सूरत में अपनी मां को उस छत के नीचे नहीं देखना चाहता। सीरियल की शुरुआत होगी रात को अनुपमा के ख्याति का खयाल रखने से। अगली सुबह जब पूरा परिवार साथ बैठकर बातें कर रहा होगा तब अनुपमा अपनी बेटी राही और प्रेम को सलाह देगी कि उन्हें वापस कोठारी निवास चले जाना चाहिए। अनुपमा कहेगी कि तुम्हारी मां यहां हमारे साथ सुरक्षित है, जिनसे तुम रोज मिल सकते हो, लेकिन तुम्हारे पिता और दादी के प्रति भी तुम्हारी जिम्मेदारियां हैं। अनुपमा समझाएगी कि कोठारी निवास में रहकर तुम अपने पिता और मां को दोबारा करीब ला सकते हो।



# आखिरी वक्त में किशोर कुमार ने मधुबाला से बना ली थी दूरी

**नई दिल्ली।** हिंदी सिनेमा जगत में बहुत कम लोग ऐसे रहे जो बहुत कम वक्त में ही सफलता के शिखर पर पहुंचे। मधुबाला उनमें से एक थीं। उनकी जिंदगी किसी फिल्मी कहानी से कम नहीं थी। मधुबाला की जिंदगी जितनी सफल थी, उतनी ही दर्द से भरी भी। उन्हें देखकर कोई यकीन नहीं सकता था कि इस खूबसूरत और मुस्कुराते हुए चेहरे के पीछे इतना दर्द भरा होगा। मधुबाला के निधन के इतने सालों बाद आज पहली बार उनकी बहन, मधुर भूषण ने खुलासा किया कि कैसे एक घातक बीमारी ने उन्हें धीरे-धीरे अंदर से खा लिया, और जब इसका पता चला, तब तक बहुत देर हो चुकी थी।

***होती थी खून की उल्टियां :*** मधुबाला की बहन, मधुर भूषण ने फिल्मफेयर को अपना इंटरव्यू दिया। इस दौरान मधुर ने बताया, 'मधुबाला की बीमारी का पहला लक्षण साल 1954 में तब सामने आया, जब अभिनेत्री बहुत दिन हुए की शूटिंग कर रही थीं। एक दिन, अभिनेत्री, जो केवल 20 साल की थी, अपने दांत ब्रश कर रही थी तभी उन्हें उसी समय खून की उल्टी होने लगी। उनकी हालत देखकर चिंतित दिलीप कुमार ने तुरंत मशहूर डॉ. रुस्तम जल वकील को मुंबई से बुलवाया। टेस्ट के बाद डॉ. रुस्तम ने एक चौंकाने वाली बात बताई कि मधुबाला को वेंट्रिकुलर सेप्टल दोष था या आम भाषा में कहें तो दिल में छेद था।'



***दुनिया से छुपाया बीमारी :*** उन्होंने बताया, 'मधुबाला को उस समय बीमारी का पता चला जब वह अपने करियर के शिखर पर थीं। उस वक्त उनके पास एक नहीं बल्कि कई प्रोजेक्ट्स थे। वो करियर में रुकना नहीं चाहती थीं। उन्होंने दुनिया से अपनी गंभीर बीमारी को छिपाते हुए काम करते रहने का फैसला किया। मधुबाला ने बीमारी के बावजूद खुद को पूरी तरह से काम में डुबो दिया। इस दौरान उन्होंने 'मुगल-ए-आजम' में 'अनारकली' जैसी कई फिल्मों की शूटिंग पूरी की। कई बार वो सेट पर बेहोश जो जाती थीं, लेकिन इस मानसिक की कीमत उन्हें चुकानी पड़ी।


# बॉक्स ऑफिस पर 'जाट' ने दिखाई ताकत

**मुंबई।** सिनेमाघरों में इन दिनों कई बड़ी फिल्में दर्शकों का दिल जीतने की कोशिश कर रही हैं। शनिवार को बॉक्स ऑफिस पर कुछ फिल्मों ने शानदार वापसी की, तो कुछ अब भी रफ्तार पकड़ने की जद्दोजहद में हैं। सनी देओल की 'जाट', अजित कुमार की 'गुड बैड अग्ली' के कलेक्शन में अच्छा उछाल देखने को मिला। वहीं, सलमान खान की 'सिकंदर' बॉक्स ऑफिस को अलविदा कहने की तैयारी में नजर आई। सनी देओल की 'जाट'ने शनिवार को शानदार उछाल दर्ज किया। फिल्म ने तीसरे दिन 10 करोड़ रुपए की कमाई की, जिसके बाद इसका कुल कलेक्शन 26.5 करोड़ रुपए हो गया है। 100 करोड़ रुपए के बजट में बनी इस फिल्म में सनी का देसी अंदाज दर्शकों को खूब पसंद आ रहा हैं। पहले दिन नौ करोड़ 50 लाख रुपएऔर दूसरे दिन सात करोड़ की कमाई के बाद शनिवार का यह उछाल फिल्म के लिए राहत की खबर है। वहीं, अजित कुमार की 'गुड बैड अग्ली' ने भी शनिवार को बॉक्स ऑफिस पर तहलका मचाया। फिल्म ने 18.5 करोड़ रुपए की शानदार कमाई की और इसका कुल कलेक्शन अब 62.75 करोड़ रुपए हो गया है। 190 करोड़ रुपए के बड़े बजट में बनी इस फिल्म ने पहले दिन 28.5 करोड़ और दूसरे दिन 13.5 करोड़ रुपए कमाए थे। अजित का स्टाइलिश एक्शन और कहानी का रोमांच दर्शकों को सिनेमाघरों तक खींचने में कामयाब रहा है। शनिवार की कमाई ने साबित कर दिया कि यह फिल्म अभी भी दर्शकों के दिलों पर राज कर रही है। हालांकि, अपने बजट को पार करने के लिए इसे अभी और मेहनत करनी होगी।



# 'गरम हवा' में मुस्लिम किरदार निभाने के लिए याद किए जाते हैं बलराज साहनी, नहीं देख पाए थे अभिनय

***नई दिल्ली।** 'धरती के लाल', 'दो बीघा जमीन' और 'गरम हवा' जैसी फिल्मों में बेहतरीन अदाकारी करने वाले अभिनेता बलराज साहनी की रविवार को पुण्यतिथि थी। वह अपनी एक फिल्म में मुस्लिम का किरदार निभाने के लिए सबसे ज्यादा याद किए जाते हैं, लेकिन वह खुद ये फिल्म नहीं देख सके थे।*



### पढ़ाई के बाद संभाला खानदानी कारोबार


बलराज साहनी एक मई 1913 को ब्रिटिश भारत के पंजाब के रावलपिंडी में पैदा हुए। बलराज साहनी ने अपनी शुरूआती पढ़ाई लाहौर के सरकारी स्कूल में पूरी की। साहनी ने हिंदी में स्नातक किया। उन्होंने लाहौर से अंग्रेजी में परास्नातक की पढ़ाई की। पढ़ाई पूरी करने के बाद बलराज साहनी अपना खानदानी कारोबार संभालने के लिए रावलपिंडी गए।

### बलराज साहनी की उपलब्धियां...

- बलराज साहनी ने पटकथा लेखन में भी हाथ आजमाया। उन्होंने 1951 की फिल्म 'बाजी' लिखी जिसमें देव आनंद मुख्य भूमिका में थे। इसका निर्देशन गुरु दत्त ने किया था।
- बलराज साहनी ने बॉलीवुड के अलावा पंजाबी फिल्म 'नानक दुखिया सब संसार' (1970) और 'सतलुज दे कंडे' में काम किया।
- बलराज साहनी उन कलाकारों मे शामिल हैं, जिन्होंने पद्मिनी, नूतन, मीना कुमारी, वैजयंती माला और नरगिस के साथ काम किया।
- नई पीढ़ी बलराज साहनी को उनके गाने 'ऐ मेरी जोहरा जबीं' के लिए याद करती है। ये गाना 'वक्त' (1965) फिल्म का है।

### सात साल के बाद बॉलीवुड में मिली पहचान

बलराज साहनी हमेशा से अभिनय करना चाहते थे। उन्होंने 'इंडियन पीपल थियेटर एसोसिएशन' से अपने अभिनय करियर की शुरूआत की थी। लंदन से लौटने के बाद साल 1946 में बलराज साहनी ने बॉलीवुड की फिल्म 'इंसाफ' से अपने अभिनय करियर की शुरूआत की। इसके बाद वह ख्वाजा अहमद अब्बास की फिल्म 'धरती के लाल' और 'दूर चलें' में नजर आए। ये साल 1953 था जब बलराज साहनी ने बिमल राय की फिल्म 'दो बीघा जमीन' में काम किया। इस फिल्म से उन्हें काफी शोहरत मिली। फिल्म को कांस फिल्म फेस्टिवल में अवॉर्ड दिया गया। बलराज साहनी की दूसरी मशहूर फिल्मों में 'काबुलीवाला' और 'वक्त' है।



### इस रोल के लिए सबसे ज्यादा किए जाते हैं याद

बलराज साहनी ने फिल्म 'गरम हवा' में अभिनय किया। इस फिल्म में उन्होंने एक मुस्लिम का किरदार निभाया जो विभाजन के दौरान पाकिस्तान जाने से इंकार कर देता है। साहनी के इस रोल को लोगों ने खूब सराहा। हैरत की बात यह है कि बलराज साहनी इस फिल्म को नहीं देख सके। फिल्म की डबिंग का काम खत्म करने के अगले दिन ही उनका देहांत हो गया।

### शादी और परिवार

बलराज साहनी की पहली शादी साल 1936 में दमयन्ती साहनी से हुई थी। साल 1947 में उनकी पत्नी का देहांत हो गया। साल 1951 में उन्होंने संतोष चंडोक से दूसरी शादी की। बलराज साहनी और दमयन्ती साहनी से एक बेटा परीक्षित साहनी हैं। परीक्षित साहनी भी बॉलीवुड के जाने माने अभिनेता हैं। हिंदी के बेहतरीन लेखक भीष्म साहनी, बलराज साहनी के भाई हैं। भीष्म साहनी ने कई नाटक लिखे और अभिनय भी किया।

